# कार्यालयः जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, पिथौरागढ़।

**Email.deobasicpithoragarh@gmail.com**

सेवा में,

निदेशक,
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड,
देहरादून।

पत्रांकः 1912 /नियुक्ति/विशेष/2025–26 दिनांक 10 जून, 2025

**विषयः सहायक अध्यापक प्राथमिक (विशेष शिक्षा) के नवसृजित पदों पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की संकलित सूची एवं रिक्तियों का विवरण वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांकः 109430 दिनांक 25.03.2023 द्वारा प्रदान की गई अनुमति के सापेक्ष सहायक अध्यापक प्राथमिक (विशेष शिक्षा) के पदो पर नियुक्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के आदेश संख्या/प्रा0शि0/151–52/2022–23 दिनांक 12.04.2023 के द्वारा सहायक अध्यापक (विशेष शिक्षा) के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–301551 दिनांक 28.05.2025 के अनुसार ही पात्र अभ्यर्थियों की मेरिट सूची के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किये जाने हेतु, पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं संशोधित पदों का आरक्षणवार विवरण के साथ आपको विभागीय वेबसाईट WWW.https://schooleducation.uk.gov.in पर उपलोड किये जाने हेतु पत्र के साथ सलग्न कर प्रेषित कि जा रही है।

अतः पात्र अभ्यर्थियों की सूची , अपात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं संशोधित पदों का आरक्षण वार विवरण विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने की कृपा कीजिएगा।

संलग्नकः–

1. पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची।
2. संशोधित पदों का आरक्षणवार विवरण।
3. शासन का कार्या0 ज्ञाप सं0 301551 दि0 28.05.2025 कीप्रति
4. आपके पत्र सं0 2574–77 दि0 31.05.2025 की प्रति।

भवदीय

(तरुण कुमार पन्त)
जिला शिक्षा अधिकारी
प्रा0शि0 पिथौरागढ़

# कार्यालय :जिला शिक्षा अधिकारी, (प्रारम्भिक शिक्षा) पिथौरागढ़

आदेश संख्या/प्रा०शि०/ 98 /स०अ०(वि०शि०)/2025–26 दिनांक 10.6 2025

**संशोधित पदों का आरक्षणवार विवरण**

इस कार्यालय के आदेश संख्या/प्रा०शि०151–52/2022–23 दिनांक 05–04–2023 के द्वारा सहायक अध्यापक (विशेष शिक्षा) के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित पदों के अन्तर्गत बिन्दु ''क'' ''ग(2)''को निम्नवत् संशोधित किया जाता है।

(क) रिक्तियों की स्थिति–सहायक अध्यापक प्राथमिक (विशेष शिक्षा) के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है:–

| कुल रिक्त पद (02से 06 का योग) | आरक्षित पद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | SC | ST | OBC | EWS | UR | PH |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 24 | 5 | 1 | 3 | 2 | 13 | 1 |

(ग) पात्रता–उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे स्थायी निवासी, जिसने:–

(2) शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–301551/XXIV-A-1/2025–12983/2022 दिनांक 28.05. 2025 के अनुसार भारतीय पुनर्वास परिषद (आर०सी०आई०) द्वारा मान्यता प्राप्त डी०एड०(विशेष शिक्षा अथवा आर०सी०आई० द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष डिप्लोमा प्राप्त की हो, तथा आर०सी०आई०से वैध रूप से पंजीकृत एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा निरूपित मार्ग दर्शी सिद्वान्तों के अधीन राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम उत्तीर्ण हो।

नोट:–पूर्व विज्ञप्ति के द्वारा प्राप्त किये गये आवेदनों पर ही पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा, नये आवेदन स्वीकार्य नहीं होंगे। विज्ञप्ति की शेष शर्ते यथावत् लागू होगी तथा विज्ञप्ति दिनांक .07.04.2023 को उक्त सीमा तक संशोधित समक्षा जाय।

(हस्ताक्षर) 10/06/2025

जिला शिक्षा अधिकारी(प्रा०शि०),
जनपद का नाम :पिथौरागढ़

पृ०सं०/प्रा०शि०/ 1911 /स०अ०(वि०शि०)/2025–26 दिनांक: उक्तवत्

प्रतिलिपि:–निदेशक प्रा0शि0उत्तराखण्ड देहरादून को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 10/06/2025

जिला शिक्षा अधिकारी(प्रा०शि०),
जनपद का नाम :पिथौरागढ़